## एक नजर में

### एनएसयूआई ने नीट पेपर लीक को लेकर किया पुतला दहन




**आगर ।** एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने नीट पेपर लीक मामले में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नेहरू कॉलेज के बाहर पुतला दहन किया. पहले एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं नीट 2026 पेपर लीक घोटाले को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि इस पेपर लीक ने देश के 22 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य को संकट में डाल दिया है .एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के लगातार हो रहे परीक्षा घोटालों और पेपर लीक को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार की कड़ी आलोचना की . एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर ने कहा यह सिर्फएक पेपर लीक नहीं है, बल्कि 22 लाख छात्रों के सपनों की हत्या है . धर्मेंद्र प्रधान शिक्षा मंत्री के रूप में पूरी तरह विफल साबित हुए है . आज पूरा देश एक सवाल पूछ रहा है आखिर कब तक छात्र भाजपा की भ्रष्ट व्यवस्था का शिकार होते रहेंगे .

### देहरीपाल सोलर ऊर्जा प्लांट पर लगी आग



**मोहन बड़ोदिया ।** शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया तहसील क्षेत्र के देहरीपाल सौर ऊर्जा प्लांट पर शनिवार दोपहर में अचानक आग लग गई . आग देहरीपाल के पास ऊर्जा प्लांट में लगी, जहां केवल और समान जल गया . सूचना पर मोहन बड़ोदिया थाने से डायल 112 से पायलेट राजपाल सिंह और थाने से संजय मौके पर पहुंचे . सूचना पर बड़ागांव नगर परिषद से फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया गया . आग से सौर ऊर्जा प्लांट से केबल और सामान जलने की सूचना मिली है, इस मामले में मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी अरविंद सिंह तोमर ने बताया कि थाने में शनिवार शाम 5 बजे तक किसी भी प्रकार की लिखित शिकायत दर्ज नहीं हुई है, सूचना प्राप्त हुई है, थाने से डायल 112 और स्टाफके लोग पहुंचे हैं .

### शिक्षा के महत्व और कोर्स से करवाया अवगत

**शुजालपुर ।** जेएनएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर द्वारा




संचालित कॉलेज चलो अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत महाविद्यालय की टीम ने आनंद विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल शुजालपुर सिटी का दौरा कर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी . अभियान के तहत गणित विभाग की डॉ . अर्चना गावंडे, विधि विभाग के डॉ . गुलाब मेवाड़ा तथा वाणिज्य विभाग के नवीन छालवन्त ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें महाविद्यालयीन शिक्षा के महत्व एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों की उपयोगिता से अवगत कराया. प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ . मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 1 मई से प्रारंभ होकर 15 मई तक चलेगी . अभियान का उद्देश्य प्रत्येक इच्छुक विद्यार्थी को उच्च शिक्षा से जोड़ना एवं उन्हें भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित करना है . महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ . राजेश कुमार शर्मा ने प्राध्यापकों को विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने एवं शासन की योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं . अभियान के दौरान विद्यालय के प्राचार्य निशेष द्विवेदी को भी प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति योजनाओं, फीस सहायता एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों संबंधी जानकारी प्रदान की गई. विद्यार्थियों ने प्रवेश प्रक्रिया एवं पाठ्यक्रमों से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका महाविद्यालयीन स्टाफ द्वारा समाधान किया गया. कार्यक्रम में महाविद्यालय की पूजा सांखला, संगीता सोनी रसायन विभाग एवं डॉ . सीमा राजपूत विधि विभाग का भी विशेष सहयोग रहा .

### शनि जयंती पर किए विभिन्न धार्मिक आयोजन

**शुजालपुर ।** शनि जयंती के अवसर पर शनिवार को सिटी मंडी रोड स्थित



शनि मंदिर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए . यहां पर दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही . हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान शनि देव की पूजा अर्चना करते हुए तिल व तेल चढ़ाया गया . शनि जयंती के चलते मंदिर परिसर स्थित भगवान की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया . इस धार्मिक आयोजन के चलते मंगलवार को प्रात : 6 बजे भगवान शनि देव का भव्य अभिषेक, प्रात : 8 बजे यज्ञ व 9 .30 बजे से विशाल भंडारा हुआ . जिसमें हजारों की संख्या में नागरिकों ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की . साथ ही शाम 7 बजे भगवान शनि देव की विशाल आरती व महाप्रसादी वितरण किया गया .

**68 यूनिट रक्त किया संग्रहित**

शनि मंदिर पर दिनभर चले धार्मिक आयोजन के बीच स्वास्थ्य विभाग ने रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया. मंदिर परिसर के समीप रक्त संग्रहण के लिए वातानुकुलित वाहन पहुंचा, इस रक्तदान शिविर में 68 यूनिट रक्तदान किया, जिसमें महिलाओं सहित समाजसेवियों ने भी अपनी भूमिका निभाई . इस शिविर में अवसर पर डॉ . अमित सोनी, डॉ रानू गुप्ता, डॉ . संजय मंडलोई, कांउसलर जया माहेश्वरी, जितेन्द्र गुरेनिया, संतोष शर्मा, संजय परमार, सुनिल व्यास, दीपक वाघ आदि का सहयोग रहा .

# एसी स्लीपर बस में लगी आग, 4 वर्ष का मासूम जिंदा जला

## दिल दहला देने वाला हादसा, मक्सी से 8 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे 52 पर इंदौर से ग्वालियर जा रही थी बस






**मक्सी। मक्सी से करीब 8 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे 52 होटल जैन पथ पर तराना थाना अंतर्गत शुक्रवार रात को तकरीबन 12 बजे एक दिल दहला देने वाला भयावह हादसा हो गया. इंदौर से ग्वालियर जा रही इंटरसिटी एसी स्लीपर बस एमपी 07 जेड एल 9090 में जानकारी अनुसार शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई, हादसे में शिवपुरी निवासी अभिषेक जैन का 4 वर्षीय मासूम बेटा जिंदा जल गया.**

यात्रियों के मुताबिक बस में से वायरिंग जलने की बदबू आ रही थी, बस में सवार यात्रियों ने इसकी शिकायत बस चालक से भी की थी, लेकिन उसने चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया. रात करीब 12 बजे बस होटल जैन पथ पर रुकी. कुछ यात्री बस में बैठे हुए थे, जबकि कई नाश्ता एवं भोजन करने के लिए चले गए थे. करीब 5 मिनट बाद बस में आग लग गई. चार वर्षीय मासूम भीड़ में फंस गया. वह बाहर नहीं निकल सका. परिजन जब तक उसे बचाने पहुंचे,तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी. ड्राइवर और क्लीनर मौके से फरार हो गए.अभिषेक जैन ने बस में फंसे यात्रियों की निकालने में मदद की,



हालांकि वह अपने ही लाल को नहीं बचा पाए.

**कांच और खिड़कियां तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला**

इंदौर से ग्वालियर जा रही एसी बस के आग धधकने की घटना ने सिस्टम की लापरवाही को उजागर कर दिया है. कहने को तो यह दावे किए जाते है कि लंबी दूरी जाने वाली बसों में इमरजेंसी खिडक़ी होनी चाहिए, अग्निशमन यंत्र होने चाहिए, मगर इस बस में दोनों ही नहीं थी. एक घंटे तक यात्री अपने बूते पर यात्रियों की जान और सामान बचाने की कोशिश करते रहे, लेकिन बेपरवाह सिस्टम सोता रहा.बस में आग लगने से कोहराम मचा हुआ था, यात्री चीख रहे थे. अभिषेक जैन और उनकी पत्नी अपने मासूम को लेकर परेशान थे. पहले तो यह लगा कि यात्रियों के साथ शायद वह भी उतर गया होगा, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला. आग पर काबू पाने के बाद भी मासूम अनय जैन का कहीं पता नहीं चल रहा था. बच्चे को ढूंढने के लिए प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी. मौके पर जेसीबी मशीन बुलाई गई, जिसके पंजे से बस के गेट और खिड़कियां तोड़ी गईं. इसके बाद पीछे का रास्ता बनाने के लिए वेल्डिंग मिस्त्री को बुलाकर गेट कटवाया गया और सीटें हटाई गईं. करीब दो घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद एक सीट के नीचे से मासूम का कंकाल बरामद हुआ, जिसे पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल शाजापुर भेजा गया. घटना की सूचना मिलते ही तराना तहसीलदार, मक्सी थाना, तराना थाना, नैनावद चौकी एवं शाजापुर थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंचा. मक्सी, तराना और शाजापुर से आई फायर ब्रिगेड की गाडियों ने काफी देर बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया. मामले को लेकर तराना टीआई भदौरिया ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है. तराना थाने के टीआई आरएनएस भदौरिया ने बताया कि बस में आग लगने से एक बच्चे की मौत हो गई है, शाजापुर जिला अस्पताल में मृतक अनय का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है. फिलहाल शून्य पर कार्यवाही की गई है.बस के ड्राइवर और कंडक्टर दोनों फरार है, मामले की जांच की जा रही है.

### ‘बे’बस सिस्टम से गई मासूम की जान

घटनास्थल पर रोते बिलखते हुए बच्चे के पिता अभिषेक जैन ने इंटरसिटी एसी बस के मालिक हरिशंकर, प्रशासन और फायर ब्रिगेड की बड़ी लापरवाही को उजागर किया . उन्होंने कहा मैं अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ इंदौर से रात 10 बजे शिवपुरी के लिए निकला था . ड्राइवर को बदबू के बारे में बताया पर उसने नहीं सुना . आग लगने के बाद मैंने खुद फायर ब्रिगेड को फोन लगाया . आधे घंटे बाद जो गाड़ी आई, उसमें पानी ही नहीं था . उसके बाद दूसरी गाडियां आईं . यह प्रशासन लोगों की जान ले रहा है . अभिषेक जैन ने कहा कि मीडिया से मेरा अनुरोध है कि इसे मुद्दे को आगे उठाएं, ताकि किसी और का भविष्य ऐसे न जले, मेरा तो भविष्य जल गया .



### पिता ने दिखाई इंसानियत, यात्रियों की जान बचाई, लाखों के गहने भी सौंपे

इस दुखद घड़ी में भी मासूम के पिता अभिषेक जैन ने इंसानियत की एक अभूतपूर्व मिसाल पेश की, जिस वक्त वो बस के मलबे में रोते बिलखते अपने बेटे को ढूंढ रहे थे, उन्हें बस के अंदर किसी यात्री के गिरे हुए लाखों रुपए के सोने के जेवर मिले . खुद का सब कुछ उजड़ जाने के बाद भी अभिषेक ने उन गहनों को तुरंत तराना टीआई आरएनएसभदौरिया को सौंपा . इसके अलावा आग लगने के तुरंत बाद अभिषेक ने खुद की जान जोखिम में डालकर कई यात्रियों को भी सुरक्षित बाहर निकाला .

# पुलिस गिरफ्त में आए वारदात करने की नीयत से घूम रहे दो बदमाश

### 3 घंटे की मशक्कत के बाद चढ़े पुलिस के हत्थे



**शाजापुर। कोतवाली पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है. हालांकि इनके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए. इन लोगों को संदिग्ध हालत में घूमते हुए लोगों ने देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी. पुलिस ने 3 घंटे की मशक्कत के बाद दो आरोपियों को धर दबोचा.**

द्वारकापुरी कालोनी के लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी कि उन्होंने कुछ लोगों को घूमते देखा है. इस पर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए वहां पहुंची और युवकों को ढूंढना शुरू किया. जैसे ही इन लोगों ने पुलिस को देखा ये लोग भागने लगे और कॉलेज की दीवार कूदकर परिसर के अंदर घुस गए, इसके बाद पुलिस ने चारों तरफ घेराबंदी कर दी और पुलिसकर्मी भी कॉलेज में पहुंच गए लेकिन ये लोग छुप गए. पुलिस ने परिसर में लगातार तलाशी अभियान चलाया. इस दौरान एक आरोपी कॉलेज परिसर में दीवार के पीछे छिपा मिलाए जिसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया. दूसरा आरोपी कालेज की छत पर करीब एक घंटे तक छिपा रहा. काफी खोजबीन और मशक्कत के बाद पुलिस ने उसे भी पकड़ लिया. हालांकि उनके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए. पकड़े गए आरोपियों की पहचान रवि पिता जवर सिंह 22 निवासी काकड़पुआ कुक्षी जिला धार तथा अविन पिता बहादुर सिंह 20 निवासी गडडरावद कुक्षी जिला धार के रूप में हुई है. पुलिस ने आरोपियों के पास से मिटाए गए चेचिस नंबर की दो बाइक बरामद की हैं, जिन्हें लालघाटी थाना क्षेत्र स्थित व्यास नर्सिंग होम के पास से जब्त किया गया. आरोपियों के पास से गोफन और पत्थर जैसी सामग्री भी मिली है.

# मंडी प्रांगण क्रमांक 3 में लगेगा साप्ताहिक हाट बाजार

### प्रशासन के इस निर्णय से ग्राहक व दुकानदार दोनों होगें परेशान



चौबे मार्ग पर लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार

**शुजालपुर। मंडी क्षेत्र में रविवार को लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार अब कस्बा क्षेत्र के स्थान पर भीलखेडी रोड स्थित कृषि उपज मंडी समिति के प्रांगण क्रमांक 3 में लगेगा. यह निर्णय प्रशासन ने शहर की यातायात व्यवस्था एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिए जाने की बात कही. इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शुजालपुर ने आदेश जारी किया. जिसके परिपालन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शुजालपुर ने हाट बाजार संचालन एवं व्यवस्थाओं के लिए कर्मचारियों का दल गठित किया गया है.**

दल में महेश कुमार बिजनिया, सोहन सिंह खटीक, जयराम मालवीय, प्रहलाद मालवीय, संतोष भैरवे एवं घनश्याम सिंह राठौर को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं. जारी आदेश में प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले हाट बाजार में यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पशुओं की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक कार्यों की जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारियों को दी गई है. नगर पालिका द्वारा हाट बाजार स्थल परिवर्तन की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए मुनादी के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश भी जारी किए गए हैं. बता दे विगत कई वर्षो से रविवार को लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार चौबे मार्ग, उपाध्याय मार्ग व लोहिया मार्ग पर लगता आ रहा है, हालांकि उक्त हाट बाजार के कारण रविवार को इन मार्गो पर यातायात व्यवस्था बिगडती है, लेकिन जिस नए स्थान का चयन प्रांगण क्रमांक 3 के रूप में प्रशासन ने किया है वह स्थल शहरी बस्ती के अंतिम छोर पर है. यहां पर पहुंचने के लिए महिलाओं को यातायात साधन उपलब्ध नहीं होगा और रोकडिया हनुमान मंदिर से मंडी प्रांगण तक मार्ग सकरा होने से जाम की स्थिति लगती है.

### पूर्व में भी किए गए थे प्रयास...

मंडी क्षेत्र में स्थाई सब्जी मंडी के लिए पूर्व में भी कई प्रयास हुए लेकिन ठोस निर्णय के अभाव में स्थाई व्यवस्था नहीं हो पाई . कृषि उपज मंडी समिति की भूमि जो कि पंजाबी मोहल्ले में गुरुद्वारे के पीछे रिक्त बताई जाती है इस स्थल का चयन सब्जी मंडी के लिए किए जाने का विचार पूर्व में हुआ था, इस स्थल के आसपास अन्य मार्ग भी है, उक्त स्थल शहर के बीचों बीच होने के साथ ही स्थाई सब्जी मंडी के रूप में उपयुक्त मानी जाती है, लेकिन इस स्थल का चयन लम्बे समय से नहीं होना समझ के परे है .

**इनका कहना है**

*साप्ताहिक हाट बाजार का संचालन मंडी प्रांगण क्रमांक 3 में किए जाने की जानकारी मिली है, यह निर्णय प्रशासन ने लिया है, जिनके निर्देश पर नगर पालिका द्वारा व्यवस्था की जा रही है. नगर पालिका परिषद ने इस तरह का कोई निर्णय लिया है. वर्तमान स्थल पर आवारा मवेशियों के कारण भी परेशानी आती है. मंडी में स्थाई व सुविधा जनक व्यवस्था हो इसके लिए प्रयास किए जा रहे है.*

***बबीता परमार, अध्यक्ष नगर पालिका, शुजालपुर***

## एक नजर में

### रेलवे ट्रैक किनारे संदिग्ध हालत में रखी थी विस्फोटक सामग्री, पुलिस व बीडीडीएस टीम जांच में जुटी

# मक्सी में देवास रेलवे फाटक के पास मिली 6 पेटी जिलेटिन रॉड

**मक्सी। मक्सी थाना क्षेत्र में उज्जैन रोड स्थित देवास रेलवे फाटक के पास शनिवार सुबह करीब 11 बजे संदिग्ध विस्फोटक सामग्री मिलने से हड़कंप मच गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में ले लिया. पुलिस ने मौके से करीब 6 पेटी जिलेटिन रॉड बरामद की हैं, जिनका उपयोग आमतौर पर खदानों और ब्लास्टिंग कार्यों में होता है.**

रेलवे कर्मचारी ने रेलवे फाटक की पटरियों से लगे खेत के पास संदिग्ध हालत में रखी इन पेटियों को देखकर आरपीएफ पुलिस को सूचना दी थी. आरपीएफ ने मक्सी पुलिस को सूचना दी. चूंकी यह क्षेत्र मक्सी थाना सिटी



पुलिस के अंतर्गत आता है इसीलिए सूचना मिलते ही पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा और विस्फोटक सामग्री को सुरक्षित कब्जे में लिया.मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास के क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई है.

**विशेषज्ञ टीम को बुलाया**

फिलहाल में बरामद सामग्री विस्फोटक पदार्थ प्रतीत हो रही है. इसकी जांच के लिए बीडीडीएस विशेषज्ञ टीम को बुलाया गया है, जो सामग्री की जांच कर रिपोर्ट देगी. पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है. मौके पर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, उप पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय, एसडीओपी अजय मिश्र, मक्सी थाना प्रभारी संजय कुमार वर्मा, आरपीएफ डीएसपी राजीव उपाध्याय, आरपीएफ मक्सी थाना प्रभारी विकास गुर्जर, मक्सी थाना एवं मक्सी आरपीएफ थाने के जवान मौके पर मौजूद रहे.

### विस्फोटक सामग्री यहां कैसे पहुंची...?

मक्सी थाना प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि बरामद सामग्री प्रथम दृष्टया जिलेटिन रॉड प्रतीत हो रही है . फिलहाल सभी पेटियों को सुरक्षित स्थान पर रखवाया गया है और विशेषज्ञों की मदद से इसकी जांच कराई जा रही है .पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह विस्फोटक सामग्री यहां कैसे पहुंची और इसे किस उद्देश्य से रखा गया था .पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है . पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की गहनता से जांच कर रही है . प्रारंभिक पूछताछ के आधार पर बताया कि रतलाम क्षेत्र में एक मैगजीनविस्फोटक भंडारण स्थल से विस्फोटक सामग्री चोरी होने और ट्रक कटिंग की घटना सामने आई थी . हालांकि इस संबंध में मक्सी थाने को अभी तक कोई आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है . प्रारंभिक तौर पर यह बताया गया है कि ट्रक कटिंग के दौरान कुछ माल गायब या चोरी हुआ है . संबंधित पक्षों के आने के बाद ही पूरे मामले में विस्तृत चर्चा और पुष्टि हो सकेगी .

### पीएम की अपील का असर, सराफा बाजार में मंदी

**शाजापुर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद सराफा बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है. सोने की बढ़ती कीमतों का असर शाजापुर के सराफ बाजार में साफ दिख रहा है. यहां सोने की बिक्री में 50 से 60 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे छोटे व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है. खरीददार अब नया सोना खरीदने से बच रहे हैं. इसके बजाय वे अपना पुराना सोना लाकर उसके बदले नए आभूषण ले जा रहे हैं. यह प्रवृत्ति बाजार में सोने की नई खरीद को सीधे तौर पर प्रभावित कर रही है. केंद्र सरकार की ओर से सोने चांदी पर बढ़ाई गई इंपोर्ट ड्यूटी भी इस गिरावट का एक प्रमुख कारण है. सोने पर इंपोर्ट ड्यूटी 6 प्रतिशत से बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई है, जिससे सोना और महंगा हो गया है. शहर में 50 से अधिक सोना चांदी व्यापारी है. उनका मानना है कि बढ़ती कीमतें, अंतरराष्ट्रीय हालात और बाजार में बनी अनिश्चितता के कारण खरीदारी बुरी तरह प्रभावित हुई है.